# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

नैक द्वारा **'A'** ग्रेड प्रदत्त / **NAAC Accreditation 'A' Grade**

ज्ञान शांति मैत्री

**प्रो. कृष्ण कुमार सिंह**
**Prof. Krishna Kumar Singh**
कार्यकारी कुलसचिव
Acting Registrar

**दूरभाष क्र.**/Phone no.: 07152-230902

**पत्रांक:** 04/परी./स.प.अप्रैल/2019/02/ ७७५४
**दिनांक :** 20 फरवरी, 2019

## सूचना

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/केंद्रों के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की सत्रांत परीक्षा (शीत-सत्र) दिनांक 20 अप्रैल, 2019 से 15 मई, 2019 तक आयोजित है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त विद्यार्थियों/शोधार्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विवरणानुसार अपने-अपने विभाग से परीक्षा फॉर्म (Examination Form) प्राप्त कर एवं उसे भरकर साथ में **अदेयता प्रमाण-पत्र** (No Dues) संलग्न करके अपने विभाग में जमा करें।

1. **परीक्षा फॉर्म प्राप्त करने की तिथि एवं भरकर जमा करने की तिथि: 25 फरवरी, 2019 से 12 मार्च, 2019 तक है।**
2. **अंतिम तिथि के बाद, विलंब शुल्क ₹100/- के साथ परीक्षा फॉर्म जमा करने की तिथि: 13 से 15 मार्च, 2019 है।**

एम.फिल./स्नातकोत्तर/स्नातक/पी.जी. डिप्लोमा/एडवांस्ड डिप्लोमा/डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों (पूरक प्रश्न पत्र) के लिए शुल्क ₹200/- (प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए) तथा **षष्ठ सेमेस्टर स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए ₹100/-** निर्धारित है। परीक्षा शुल्क (संलग्न 'भुगतान पर्ची' के साथ) बैंक (BOI) में जमा कर वित्त विभाग की प्रति वित्त विभाग में जमा करें **एवं परीक्षा विभाग की प्रति परीक्षा फॉर्म** के साथ ही संलग्न करें। एम.फिल./स्नातकोत्तर/स्नातक- द्वितीय/चतुर्थ सेमेस्टर एवं सर्टिफिकेट/डिप्लोमा/एडवांस्ड डिप्लोमा/पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को (पूरक/बैक पेपर यदि नहीं है तो) परीक्षा शुल्क जमा नहीं करना है। विशेष परिस्थितियों में विलंब से परीक्षा फॉर्म भरने के लिए उनके आवेदन पत्र विभागाध्यक्ष तथा परीक्षा नियंत्रक से स्वीकृत होने पर उन्हें परीक्षा शुल्क के साथ-साथ विलंब शुल्क भी देय होगा।।

अलग-अलग पाठ्यक्रमों या सेमेस्टर/पूरक परीक्षा के लिए अलग से परीक्षा आवेदन-प्रपत्र भरना होगा।

**नोट: अंतिम तिथि के बाद परीक्षा फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**

**(कृष्ण कुमार सिंह)**

**प्रति सूचनार्थ-**

1. संबंधित विभाग/केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा।
2. प्रभारी क्षेत्रीय केंद्र, इलाहाबाद।
3. प्रभारी क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता।
4. प्रभारी: लीला विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
5. कार्यालय प्रति।